हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 15 फरवरी 2026

04 आस्था का महासागर: 25 हजार श्रद्धालुओं...



07 नगर की जीवनदायनीय कालीसिंध किनारे पड़ा...





**खबर संक्षेप**

### अमर बलिदानियों के कारण ही आज हम सुरक्षित हैं: शर्मा

**सीहोर।** कांग्रेसजनों ने पुलवामा में आतंकियों द्वारा भारत के वीर जवानों पर किए गए कायराना हमले की बरसी पर स्कूल और कॉलेज के छात्रों के साथ वीर जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सबसे पहले उपस्थितजनों ने वीर जवानों के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। तत्पश्चात सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मशांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की और उनके परिजनों को इस दुख से उबारने हेतु ताकत देने की भी प्रार्थना की। इस मौके पर उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने कहा कि सात साल पहले आज ही के दिन 2019 में आतंकवादियों ने कायराना हरकत करते हुए भारत के वीर जवानों पर धोखे से हमला कर दिया था, जिसमें हमारे देश के 40 वीर जवान शहीद हो गए थे। आज हम सब उन्हीं के याद में यहां एकत्रित हुए हैं और उन्हें अपने हृदय की गहराइयों से नमन करते हैं। पंकज शर्मा ने आगे कहा कि ऐसे वीर जवान सीमा पर अपनी जान की बाजी लगा देते हैं और देश की रक्षा के लिए शहीद हो जाते हैं, ऐसे वीर जवानों के कारण ही हम देश में सुरक्षित हैं और चैन का जीवन जी पा रहे हैं। ये जवान हमारे चैन और सुकून के लिए रात रात भर कई घंटों तक सीमा पर पहरा देते हैं लेकिन हमारे ऊपर कोई खतरा नहीं आने देते, जिससे ही आज हमारा देश सुरक्षित है और तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है।

महाशिवरात्रि विशेष : शिवमय हुआ शहर, ओम नम: शिवाय के स्वर से गूंजेंगे शिवालय


# आज नगर में निकलेंगी एआई मॉडल पर आधारित झांकियां, आठ राज्यों के कलाकार देंगे प्रस्तुति

बटेश्वर महादेव इंदौर नाके से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री काशीपति विश्वनाथ मंदिर कस्बे में पूजा अर्चना के साथ संपन्न होगी शिव बारात।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रविवार को महाशिवरात्रि का महापर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए शहर के प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिरों में भव्य तैयारियां पूर्ण की गई हैं। शहर के प्रमुख शिवालयों मनकामेश्वर, भूतेश्वर और चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में विशेष सजावट की गई है, जहां अल सुबह से ही भक्तों का तांता लगेगा। शहर के सबसे प्राचीन और सिद्ध स्थानों में शुमार मनकामेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर अलौकिक दृश्य देखने को मिलेगा। सदियों पुराने इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां स्थापित शिवलिंग स्वयंभू है। श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए यहां धागा बांधते हैं और जलाभिषेक करते हैं। इस बार मंदिर को विद्युत साज सज्जा और फूलों से आकर्षक रूप दिया गया है। यहां सुबह 4 बजे आरती के साथ दर्शनों का सिलसिला शुरू होगा।





### भूतेश्वर महादेव: मंदिर के समीप कल-कल बहती नदी

नगर के प्राचीन और तंत्र साधना के केंद्र भूतेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों के भारी हुजूम को देखते हुए विशेष प्रबंध किए गए हैं। मराठा कालीन इस मंदिर का इतिहास भूतभावन रूप से जुड़ा है। इस वर्ष मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों और प्राकृतिक पत्तों से सजाया गया है, जो रात के समय आकर्षक नजर आएगा। यहां भगवान शिव का विशेष अघोर श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगा।

### चमत्कारेश्वर महादेव में भी साज सज्जा

अस्पताल चौराहा स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर को महाशिवरात्रि पर्व से पूर्व ही आकर्षक सजाया गया है। अस्पताल चौराहा स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर पर भी श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। प्रतिदिन यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंचते हैं, जबकि आज महाशिवरात्रि के विशेष अवसर पर अल सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगेगा।

### आज निकलेगा चल समारोह

शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर शिवरात्रि उत्सव समिति सीहोर के तत्वावधान में अलौकिक और दर्शनीय शिव बारात की युद्ध स्तर पर पर तैयारीया हो गई है। चल समारोह के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि नगर के शिव बारात चल समारोह मे भगवान भोले नाथ की बारात 15 फरवरी को शाम 5 बजे श्री बटेश्वर महादेव इंदौर नाके से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री काशीपति विश्वनाथ मंदिर हनुमान फाटक कस्बे में भगवान शिव की पूजा अर्चना के साथ संपन्न होगी। चल समारोह में पहली बार एआई मॉडल आधारित झांकियां निकलेंगी और कई अनूठे और दर्शनीय आयोजन किये जायेंगे वही बाबा महाकाल की अलौकिक लाइव झकी भासम आरती के साथ निकाली जाएगी। शिवरात्रि उत्सव से नगर में एक अलग ही आलौकिक माहौल रहता है इस दिन शिवालयों में पूजा अर्चना की जाती है वही नगर में एक भव्य चल समारोह महाशिवरात्रि उत्सव समिति सीहोर के तत्वाधान में निकाला जाता है।

महाशिवरात्रि उत्सव समिति के अध्यक्ष राजीव गुजरती एवं संस्थापक लोकेश सोनी ने बताया कि नगर के शिव बारात चल समारोह ने अपनी एक अलग प्रतिष्ठा स्थापित की है, हज़ारो की संख्या में शिव भक्त बाराती के रूप में शामिल होते है, इस वर्ष भी समिति द्वारा भगवान भोले नाथ की बारात तैयारी युद्व स्तर पर की जा रही है । भव्य शिव बारात चल समारोह के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक भव्य चल समारोह धर्ममय माहौल में निकाला जाएगा। इस चल समारोह में कई अनूठे और दर्शनीय आयोजन किये जायेंगे वही बाबा महाकाल की अलौकिक झाकिया निकाली जाएगी। महोत्सव पर देश भर के कलाकार आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे।

# साहिल हत्याकांड के तीन आरोपियों को उम्रकैद

**15 लोगों की हुई गवाही**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के चर्चित साहिल हत्याकांड में न्यायालय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश स्मृता सिंह ठाकुर की अदालत ने फैसला सुनाते हुए तीनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी साजिद, जुबैर और आमिर निवासी सिपाही पुरा को धारा 302 हत्या में आजीवन कारावास और धारा 201 साक्ष्य मिटाने में 7-7 वर्ष के कठोर कारावास व अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार 31 दिसंबर 2023 की रात मृतक साहिल मंडी चौराहा जाने का कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। 2 जनवरी 2024 को कब्रिस्तान नाले के पास उसकी अधजली लाश मिली। साहिल के पिता रहमत अली ने शरीर पर मौजूद अंगूठी और बेल्ट के बक्कल से उसकी पहचान की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि साहिल की हत्या चाकू से कई वार करके की गई थी और साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से उसके शव को जलाने की कोशिश की गई थी।

### प्रेम प्रसंग हत्या की वजह

पुलिस विवेचना में सामने आया कि मृतक साहिल की एक महिला मित्र थी, जिससे आरोपी साजिद प्रेम करता था और शादी करना चाहता था। घटना की रात साजिद ने साहिल को उस महिला मित्र से बात करते देख लिया था। इसी रंजिश में साजिद ने अपने साथी जुबैर के साथ मिलकर कब्रिस्तान नाले के पास साहिल पर चाकू से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

### सबूत मिटाने बुलाया था

हत्या के बाद आरोपियों ने अपने तीसरे साथी आमिर को बुलाया। आमिर की स्कूटी पर शव को नाले के पास ले जाकर आरोपियों ने उसे जला दिया। साक्ष्य मिटाने के लिए उन्होंने अपना स्वेटर और साहिल के मोबाइल की सिम भी आग के हवाले कर दी। वारदात में इस्तेमाल चाकू और साहिल की मोटरसाइकिल एक बावड़ी में फेंक दी, जबकि खून से सनी पैंट झाड़ियों में छिपा दी।

### साक्ष्यों ने दिलाई सजा

पुलिस ने कॉल डिटेल, टावर लोकेशन और संदेह के आधार पर तीनों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से पूछताछ के आधार पर बावड़ी से मोटरसाइकिल और चाकू बरामद किया गया। स्कूटी से मिले फोम के टुकड़े पर साहिल के खून की पुष्टि हुई। शव इतना जल चुका था कि पहचान मुश्किल थी, इसलिए माता-पिता के डीएनए से मिलान कराया गया, जिससे साबित हुआ कि शव साहिल का ही था।

### 15 गवाहों के हुए बयान

न्यायालय में अभियोजन की ओर से कुल 15 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। सेवानिवृत्त डीपीओ अनिल बादल एवं एडीपीओ आशीष त्यागी द्वारा पैरवी की गई। समस्त साक्ष्यों और तर्कों को सुनने के बाद 13 फरवरी को न्यायालय ने तीनों को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया।

# एक्शन मोड में पुलिस, स्टेशन क्षेत्र में शराबियों पर भांजी लाठियां, चप्पे-चप्पे पर कड़ी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कुबेरेश्वर धाम में जारी पांच दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन अब पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। शुक्रवार रात रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-2 क्षेत्र में शराबियों द्वारा श्रद्धालुओं से अभद्रता की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल हरकत में आई और अगले ही दिन शनिवार को पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शराबियों पर लाठियां भांजकर उन्हें खदेड़ दिया। बता दें कि रुद्राक्ष महोत्सव के चलते रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं का भारी दबाव है।

शुक्रवार रात प्लेटफार्म नंबर-2 के बाहर नशे की हालत में श्रद्धालुओं से विवाद की स्थिति बनी थी। जैसे ही यह बात आला अधिकारियों के संज्ञान में आई, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की। शनिवार से मौके पर तुरंत डायल 112 को तैनात कर दिया गया और शराबियों को कड़ा सबक सिखाया गया। सुरक्षा का नया प्लान, चप्पे-चप्पे पर पहराहाईवे और कथा स्थल पर पहले से ही 2000 जवानों का बल तैनात है, लेकिन अब रेलवे स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार पर भी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी गई है। पुलिस ने स्टेशन क्षेत्र के बाहर और पोस्ट ऑफिस रोड पर गश्त बढ़ा दी है। आला अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सम्मान में कोई कमी न आए। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए पुलिस बल को अलर्ट मोड पर रखा गया है। रहवासियों द्वारा सुरक्षा की मांग किए जाने के बाद पुलिस ने इसे प्राथमिकता पर लिया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुलिस की इस सख्ती और लाठियां भांजने के बाद अब क्षेत्र में शांति है।



# सीनियर स्टेट पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के क्रिसेंट ग्रीन गार्डन में आयोजित सीनियर स्टेट पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस गरिमामय आयोजन ने प्रदेश भर के खिलाड़ियों को अपनी शक्ति और कौशल प्रदर्शन के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय व विशेष अतिथि डॉ गगन नामदेव द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर श्री राय ने खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक शक्ति बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन और जुझारूपन के गुणों का भी विकास करते हैं। उन्होंने आयोजन की प्रशंसा करते हुए खिलाडिय़ों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सीहोर जिला पावर लिफ्टिंग ऐसोसिएशन के महासचिव सत्यनारायण वारिया ने अतिथियों का पुष्पहारों से सम्मान किया गया। राज्य स्तरीय इस स्पर्धा में विभिन्न जिलों से आए पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

पूरी प्रतियोगिता अत्यंत पारदर्शी और अनुशासित रही। प्रतियोगिता के अंत में विजयी खिलाडिय़ों को मेडल और प्रमाण पत्र भारतीय किसान संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी व जिला खेल अधिकारी रूबिका दीवान द्वारा प्रदान किए गए। आयोजक समिति के भारत सोनी, नितिन शर्मा, सत्यनारायण वारिया, सुमित गिरोठिया, प्रतीक नामदेव ने सभी सहयोगियों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए खेल भावना को सदैव जीवित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग अंकित शर्मा, विकास वारिया, नमन सोनी आदि का रहा। उक्त प्रतियोगिता में 59 किलो पुरुष प्रथम अरिहंत जैन इंदौर कॉरपोरेशन, द्वितीय नयन शर्मा उज्जैन, तृतीय अनुराग बेन जबलपुर, 66 किलो पुरुष प्रथम ध्रुव राज कुरे भोपाल जिला, द्वितीय अंटोन शाजी भोपाल कॉरपोरेशन, तृतीय विवेक पांडे इंदौर कॉरपोरेशन, 74 किलोग्राम पुरुष, प्रथम सुमित सिंह ठाकुर जबलपुर, द्वितीय अमन भगत इंदौर कॉरपोरेशन, तृतीय अभिषेक शर्मा उज्जैन, 83 किलोग्राम पुरुष, प्रथम योगेश नाथ जिला भोपाल, द्वितीय हर्ष रघुवंशी इटारसी, तृतीय मयंक कुमार शर्मा भोपाल कॉरपोरेशन, 93 किलोग्राम पुरुष, प्रथम जय सिंह बाघ रतलाम, द्वितीय हर्ष रघुवंशी इटारसी, तृतीय मयंक कुमार शर्मा भोपाल, 105 किलोग्राम पुरुष, प्रथम शशांक जोशी जबलपुर, द्वितीय आशीष यादव इंदौर जिला, तृतीय स्नेह राज सिंह पवार इंदौर कॉरपोरेशन, 120 किलोग्राम प्रथम मयंक जोशी उज्जैन, द्वितीय बुद्धदेव सिन्हा इंदौर कॉरपोरेशन, तृतीय आदित्य सिंह कुशवाहा इंदौर जिला, 120 किलोग्राम पुरुष प्रथम सुदर्शन तिवारी बड़वानी, द्वितीय परितेश पाल इंदौर कॉरपोरेशन वजन वर्ग में अपना दमखम दिखाया।




# कलेक्टर-एसपी ने कुबेरेश्वर धाम आयोजन की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. और एसपी दीपक शुक्ला ने कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की स्थिति की समीक्षा की।

उन्होंने व्यवस्थाओं में निरंतरता बनाए रखने तथा नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि धाम परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, पार्किंग, यातायात नियंत्रण तथा स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सेवाओं का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करे। कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग एवं धाम समिति आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। निरीक्षण के दौरान जिंप सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### की जा रही कार्रवाई

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों, होटलों एवं प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसाय के लिए उपयोग करने वाली दुकानों एवं संस्थानों की जांच कर उपयोग किए जा रहे।

# हरिभूमि पड़ताल: आबादी बढ़ी पर विद्यार्थी घटे, बोर्ड परीक्षार्थियों की संख्या में साल दर साल गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुधारने और स्कूलों को आधुनिक बनाने के लिए 'सीएम राइज' और 'पीएम श्री' जैसी योजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। करीब 15 लाख की आबादी वाले जिले में हर साल बोर्ड परीक्षार्थियों का ग्राफ नीचे गिर रहा है। 'हरिभूमि' की विशेष पड़ताल में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं कि पिछले तीन सालों में जिले में 10वीं और 12वीं के परीक्षार्थियों की संख्या में भारी गिरावट आई है। सवाल यह उठता है कि क्या जिले के युवा मुख्यधारा की शिक्षा से दूर हो रहे हैं या वजह कुछ और है।

### तीन साल में फिसला छात्रों का ग्राफ

जिले में बोर्ड परीक्षार्थियों की संख्या में आ रही गिरावट को पिछले तीन वर्षों के तुलनात्मक आंकड़ें साफ बता रहे हैं कि साल 2024 में जिले में शिक्षा का उत्साह चरम पर था, जब कुल 40 हजार 931 परीक्षार्थी मैदान में थे। इनमें 10वीं के 22 हजार 461 और 12वीं के 18 हजार 470 छात्र शामिल थे, जिनके लिए 101 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसके ठीक एक साल बाद साल 2025 में यह संख्या थोड़ी घटकर 40 हजार 591 पर आ गई। हालांकि प्रशासन ने छात्रों की सुविधा के लिए केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 103 कर दी थी, लेकिन परीक्षार्थियों की कुल संख्या में करीब 340 की कमी आई। इस दौरान 10वीं में 22 हजार 306 और 12वीं में 18 हजार 285 छात्र परीक्षा में बैठे। सबसे चौंकाने वाले आंकड़े वर्तमान सत्र यानी साल 2026 के हैं। इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है। कुल छात्र संख्या घटकर महज 38 हजार 11 रह गई है, जो साल 2024 के मुकाबले करीब 2 हजार 920 कम है। इस बार 10वीं में 20 हजार 749 और 12वीं में 17 हजार 262 परीक्षार्थी ही शामिल हो रहे हैं, जबकि परीक्षा केंद्रों की संख्या भी फिर से घटकर 101 हो गई है। साल-दर-साल कम होते ये आंकड़े जिले की शिक्षा व्यवस्था और छात्र संख्या के पलायन पर गंभीर सवालिया निशान लगा रहे हैं।

### क्षेत्रफल बड़ा, संसाधन अनेक, पर नतीजे सिफर

जिला भौगोलिक दृष्टि से काफी बड़ा है, जिसमें बुधनी, आष्टा, सीहोर और इछावर जैसे चार महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। जिले में कुल 2 हजार 352 स्कूल संचालित हैं, जिनमें 1 हजार 265 प्राथमिक और 62 हायर सेकेंडरी सरकारी स्कूल हैं। सरकार ने 9 सीएम राइज स्कूल भी स्वीकृत किए हैं, जहां केजी से 12वीं तक की हाईटेक शिक्षा दी जा रही है। लेकिन इन सब भारी भरकम इंतजामों के बावजूद बोर्ड परीक्षा तक पहुंचने वाले छात्रों की संख्या का घटना प्रशासन के लिए खतरे की घंटी है।

### सरकार और प्रशासन के लिए बड़ा सवाल

एक तरफ जिले की आबादी बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ मुख्यधारा की शिक्षा से जुडऩे वाले छात्र कम हो रहे हैं। क्या सरकारी स्कूलों में सुविधाओं की कमी या शिक्षकों का अभाव इसकी वजह है। सीएम राइज जैसे आधुनिक स्कूलों की चमक के बीच सरकारी स्कूलों का पुराना ढांचा कहीं पिछड़ तो नहीं रहा। यह गिरावट जिले के भविष्य पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रही है।

**नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने दी 19 लाख की सौगात, नागरिकों ने किया स्वागत**

# गंदगी फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी जरूरी: राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। वहीं शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने के लिए भी नगर पालिका का अमला सतर्क है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शनिवार को शहर के वार्ड क्रमांक सात में सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहाकि सड़क का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ समयसीमा पर किया जाए।

इस मौके पर उन्होंने 19 लाख से सीसी रोड के कार्य का यहां पर मौजूद क्षेत्रवासियों से भूमि पूजन कार्य का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहाकि गंदगी फैलाने वालों पर भारी जुर्माना और कड़ी निगरानी जरूरी, इसके लिए शहर में स्वच्छता मित्रतों के अलावा कचरा गाड़ी आदि लगाई गई है। वहीं नगर में लोगों को शुद्ध जल उपलब्ध हो इसके लिए भी नगर पालिका जल प्रभारी से चर्चा की। वार्ड क्रमांक सात के पार्षद विजेन्द्र परमार ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष राठौर के द्वारा क्षेत्र अंतर्गत शिवाजी कालोनी, जितेन्द्र कुशवाह से मालवीय के घर तक शिव मंदिर से गोविन्द्र गीते तक एवं गोपाल कुशवाह से राम सिंह के तक सीसी रोड का निर्माण कार्य का भूमि पूजन कराया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्षद राजेश मांझी, नरेन्द्र राजपूत, अजय पाल सिंह राजपूत आदि शामिल थे।



## खबर संक्षेप

### आज किया जाएगा महाप्रसादी का वितरण

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम शाहपुर कौड़यिा में पंच दिवसीय एक कुण्डीय शिव शक्ति यज्ञ एवं ऋणमुक्तेश्वर महादेव प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को एक दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं ने यहां पर जारी हवन में आहुतियां दी। महोत्सव के अंतर्गत यज्ञाचार्य पंडित राहुल पाठक के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने 1803 हवन में वेद मंत्रों के साथ आहुतियां दी जा रही है। आगामी दिनों में यहां पर भव्य रूप से मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पूर्ण विधि-विधान से पूर्ण किया जाएगा। मंदिर के पुजारी पंडित धर्मेन्द्र व्यास ने बताया कि महाशिवरात्रि को देवता, पूजन, प्राण प्रतिष्ठा के साथ महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने बताया कि शाहपुर कौड़यिा में जारी यज्ञ में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे है और यहां पर मौजूद यजमानों के द्वारा आहुतियां देने का क्रम जारी है। रविवार को प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत महाप्रसादी और पूर्णाहुतियां दी जाएगी।

### न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने सीहोर जिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुसार बंदियों के लिए विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया। तथा जेल में बंदियों से जाति आधारित भेदभाव या इस प्रकार की भेदभावपूर्ण प्रथाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। आर्य ने सभी संबंधितों को निर्देश दिए कि जेल में किसी भी बंदी के साथ जाति आधारित भेदभाव न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही विधिक सहायता से अधिवक्ता नियुक्ति, अपील प्रस्तुति, जमानत आवेदन प्रस्तुति, जमानत के बाद भी जेल में निरुद्ध बंदियों, सजा पूरी होने के बाद भी जेल में निरुद्ध बंदियों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश ने बंदियों की समस्याओं को सुना।

मां नर्मदा नेमावर के नाभिकुंड से 13 फरवरी को प्रारंभ हुई पंचकोशी पदयात्रा

# आस्था का महासागर: 25 हजार श्रद्धालुओं का संगम नाभिकुंड से प्रारंभ पंचकोशी पदयात्रा पहुंची छीपानेर








1987 में 5 श्रद्धालुओं से शुरुआत, अब 5 दिन में 85 किमी की यात्रा, दो थानों का बल तैनात, प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

मां नर्मदा के पावन तट स्थित नेमावर के नाभिकुंड से 13 फरवरी को प्रारंभ हुई पंचकोशी पदयात्रा ने दूसरे ही दिन आस्था का विराट स्वरूप धारण कर लिया। यात्रा जैसे ही छीपानेर पहुंची, नर्मदा घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अनुमानित 25 से 30 हजार भक्तों ने पुण्य स्नान कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। "जय नर्मदे" के गगनभेदी जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। घाटों पर भक्ति, अनुशासन और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही घाटों पर लंबी कतारें लग गई थीं। परिवार सहित पहुंचे श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद दीपदान किया और यात्रा की मंगलकामना की। बुजुर्गों के सहारे चलते युवा, कंधों पर ध्वज लिए बच्चे और भजन गाती महिलाएं—हर आयु वर्ग की भागीदारी ने आयोजन को महापर्व का रूप दे दिया। पांच दिनों में लगभग 85 किलोमीटर की यह पदयात्रा 17 फरवरी को पुनः नेमावर पहुंचकर सम्पन्न होगी। यात्रा देवास, सीहोर और हरदा जिलों के विभिन्न गांवों से गुजरते हुए तीसरे दिन हरदा जिले में प्रवेश करेगी।

### भंडारे, भजन और सेवा का संगम

यात्रा के दौरान निंबार्क आश्रम और दादाजी धूनीवाले आश्रम में विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। रात्रि विश्राम की व्यवस्था भी आश्रमों में ही की गई, जहां देर रात तक भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा। पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक वातावरण में डूबा नजर आया। ग्राम छीपानेर के ग्रामीणों, स्वयंसेवकों और सेवा दलों ने भोजन, पेयजल और स्वच्छता की जिम्मेदारी संभाली। जगह-जगह जलपान केंद्र और चिकित्सा सहायता शिविर लगाए गए। आयोजन समिति के मार्गदर्शन में व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित होती रहीं। गांव-गांव से लोग सेवा भावना के साथ जुड़ते जा रहे हैं, जिससे यात्रा सामाजिक समरसता का भी संदेश दे रही है।

### सुरक्षा के सख्त इंतजाम, अधिकारी मुस्तैद

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। एसडीओपी रोशन कुमार जैन के नेतृत्व में गोपालपुर और भैरूंदा थानों का पुलिस बल तैनात था। घाटों पर सुरक्षा घेरा बनाया गया ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या अव्यवस्था की स्थिति न बने। सीडीआरएफ, होमगार्ड और गोताखोरों की टीमें भी तैनात रहीं। भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था के लिए अतिरिक्त बल लगाया गया। राजस्व विभाग की ओर से नायाब तहसीलदार आरती सोलंकी सहित पटवारी और कोटवार ड्यूटी पर मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीमों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अनुशासन बनाए रखने और निर्धारित मार्ग का पालन करने की अपील की है।

### पांच से पच्चीस हजार तक का सफर

पंचकोशी पदयात्रा की शुरुआत वर्ष 1987 में सिद्धनाथ मां नर्मदा के नाभिकुंड से मात्र पांच श्रद्धालुओं के साथ हुई थी। समय के साथ यह यात्रा आस्था के महाकुंभ में परिवर्तित हो गई। आज 25 हजार से अधिक श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होकर इसे विराट स्वरूप दे रहे हैं। सैकड़ों वाहन, सेवा दल और स्वयंसेवक आयोजन का हिस्सा बन रहे हैं। यह यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामूहिक सहयोग और सामाजिक एकता का सशक्त उदाहरण बनती जा रही है। अलग-अलग जिलों से आए श्रद्धालु कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। हजारों कदमों की सामूहिक आहट और जय नर्मदे की गूंज से पूरा नर्मदा तट आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर है। आस्था की यह अविरल धारा अगले तीन दिनों तक इसी उत्साह के साथ आगे बढ़ेगी और 17 फरवरी को पुनः नेमावर पहुंचकर अपने पूर्णत्व को प्राप्त करेगी।

# रिहायशी शास्त्री कॉलोनी बनी निजी गोदामों का अड्डा भारी वाहनों से रोज बन रहे जाम के हालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



नगर की सबसे व्यवस्थित और चर्चित मानी जाने वाली शास्त्री कॉलोनी आज अपनी मूल पहचान खोती नजर आ रही है। कभी शांत, सुव्यवस्थित और सुरक्षित रिहायशी क्षेत्र के रूप में पहचानी जाने वाली यह कॉलोनी अब धीरे-धीरे निजी गोदामों और दुकानों का अड्डा बनती जा रही है।

हालात यह हैं कि दिनभर भारी ट्रकों और ट्रॉलियों की आवाजाही से यहां जाम की स्थिति आम बात हो गई है। सड़क किनारे खड़े बड़े वाहनों के कारण कॉलोनी की सड़कें, जो कभी सुचारु आवागमन के लिए जानी जाती थीं, अब जर्जर होकर धूल उड़ाने लगी हैं।स्थानीय रहवासी सीताराम राजपूत का कहना है कि कॉलोनी के कई मकानों को गोदामों में बदल दिया गया है, जहां सीमेंट, लोहे और अन्य निर्माण सामग्री के साथ किराना सामान का भंडारण किया जा रहा है। सुबह से देर शाम तक माल भरने-उतारने का सिलसिला चलता रहता है। भारी वाहन घंटों सड़क पर खड़े रहते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और कई बार एम्बुलेंस जैसे जरूरी वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। उन्होंने कहा है कि सीमेंट और अन्य निर्माण सामग्री की धूल हवा में घुलकर घरों तक पहुंच रही है। बुजुर्गों और बच्चों में सांस फूलने, एलर्जी और दमा जैसी शिकायतें बढ़ रही हैं। कई बार छोटे बच्चों को खड़े ट्रकों के बीच से निकलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय एडवोकेट नितेश यादव का कहना है कि नगर परिषद की अनदेखी के कारण रिहायशी क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियां बेलगाम बढ़ी हैं।

न तो किसी प्रकार की प्रभावी निगरानी है और न ही भारी वाहनों के प्रवेश पर कोई समय निर्धारण या प्रतिबंध लागू किया गया है। इससे कॉलोनी का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है और रहवासियों का जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल सर्वे कर रिहायशी क्षेत्र में संचालित गोदामों और दुकानों की जांच की जाए। भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया जाए तथा क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराई जाए। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो शास्त्री कॉलोनी की पहचान पूरी तरह खत्म हो जाएगी और आमजन की परेशानियां और गहरी होंगी।

# अवैध रेत खनन पर खनिज विभाग की कार्रवाई: बिना रॉयल्टी परिवहन करने वालों पर किए प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




जिले में अवैध रेत खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चार ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए गए हैं। यह कार्रवाई शनिवार को तहसील बुधनी और रेहटी भैरूंदा क्षेत्र में सघन जांच के दौरान की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को तहसील भैरुंदा में संयुक्त टीम ने क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की घेराबंदी कर जांच की। इस दौरान 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना वैध रॉयल्टी पर्ची एवं परिवहन दस्तावेजों के रेत ले जाते पाए गए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर टीम ने मौके पर ही वाहनों को जब्त कर थाना भैरुंदा की अभिरक्षा में खड़ा कराया। संबंधित वाहन चालकों और संचालकों के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जुर्माना अधिरोपित किया गया है।प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसारक्षेत्र में लंबे समय से अवैध उत्खनन और रेत परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई की रणनीति बनाई है। इसके तहत अलग-अलग स्थानों पर अचानक चेकिंग और दबिश दी जा रही है, जिससे अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।खनिज विभाग के अनुसार अवैध खनन से शासन को राजस्व हानि होती है, वहीं नदियों के प्राकृतिक स्वरूप और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग ने निगरानी और गश्त बढ़ा दी है।प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में लगातार नाकाबंदी कर वाहनों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जहां भी अवैध परिवहन या उत्खनन की सूचना मिलती है, वहां तत्काल संयुक्त टीम पहुंचकर कार्रवाई कर रही है। आने वाले दिनों में अभियान तेज किया जाएगा तथा रात्रिकालीन निगरानी भी बढ़ाई जाएगी।

मैरिज गार्डनों की मनमानी से फिर थमे वाहनों के पहिए

# मुख्य मार्ग पर दो घंटे जाम, एंबुलेंस-बसें भी फंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



शादी-विवाह के सीजन में नगर की यातायात व्यवस्था एक बार फिर चरमरा गई। गुरुवार, 12 फरवरी की शाम नगर के सबसे व्यस्त इंदौर-भोपाल मुख्य मार्ग पर करीब दो घंटे लंबा जाम लगा रहा। वाहन रेंगते रहे, एम्बुलेंस और यात्री बसें फंसी रहीं, स्कूली छात्र और कामकाजी लोग समय पर गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। एक सप्ताह के भीतर यह दूसरी बड़ी घटना है, जिसने प्रशासन और पुलिस की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मार्ग किनारे स्थित कई मैरिज गार्डनों और शादी हॉल में एक साथ समारोह आयोजित थे।

शाम ढलते ही मेहमानों की भीड़ और वाहनों का दबाव बढ़ गया। हालात तब बिगड़े जब दर्जनों कारें और दोपहिया वाहन सड़क किनारे आड़े-तिरछे खड़े कर दिए गए। मुख्य मार्ग संकरा पड़ गया और देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। एक ओर दूल्हा रथ पर सवार था और बाराती डीजे की धुन पर नाच रहे थे, वहीं दूसरी ओर आम लोग जाम में फंसकर व्यवस्था को कोसते नजर आए।स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब जाम में एम्बुलेंस भी फंस गई। मरीज को लेकर जा रहे परिजन रास्ता खाली कराने की गुहार लगाते रहे। यात्री बसों में बैठे लोग भीषण भीड़ के बीच घंटों इंतजार करते रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकांश मैरिज गार्डनों में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं है, फिर भी धड़ल्ले से अनुमति दी जा रही है। समारोहों के दौरान ट्रैफिक प्रबंधन का कोई ठोस प्लान नजर नहीं आता।गुरुवार को शुरुआती समय में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी नहीं दिखी। जब जाम लंबा होता गया तो स्थानीय युवाओं और राहगीरों ने स्वयं आगे बढ़कर यातायात संभालने की कोशिश की। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और धीरे-धीरे यातायात सामान्य हो सका। नागरिकों का आरोप है कि यदि पहले से अतिरिक्त बल तैनात किया जाता और सड़क किनारे पार्किंग पर सख्ती बरती जाती तो हालात इतने नहीं बिगड़ते।उल्लेखनीय है कि 5 फरवरी को भी इसी मार्ग पर घंटों जाम लगा था। रोजाना हजारों वाहनों की आवाजाही वाले इस मार्ग पर व्यवस्थागत खामियां अब खुलकर सामने आ रही हैं।जाम की एक और बड़ी वजह नगर के बीचों-बीच से गुजर रहे रेत के डंपर और भारी वाहन भी बताए जा रहे हैं। पूरे दिन इन भारी वाहनों की आवाजाही से मार्ग पर दबाव बना रहता है। शाम के समय जब विवाह समारोहों की भीड़ बढ़ती है, तब स्थिति और विकराल हो जाती है। नागरिकों का कहना है कि नो-एंट्री लागू कर रेत के डंपरों और भारी वाहनों की आवाजाही रात 10 बजे से सुबह तक सीमित की जाए, ताकि दिन में यातायात सुचारु रह सके।सोशल मीडिया पर भी लोगों ने नाराजगी जताते हुए प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है। बिना समुचित पार्किंग, सुरक्षा और ट्रैफिक प्लान के मैरिज गार्डनों का संचालन बंद करने या अनुमति पर पुनर्विचार की बात उठ रही है। देर रात तक बजते डीजे से ध्वनि प्रदूषण भी बढ़ रहा है, जिससे बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है।लगातार दूसरी बार लगे जाम ने साफ कर दिया है कि समस्या अस्थाई नहीं, बल्कि व्यवस्थागत है। अस्थायी पार्किंग स्थल, ट्रैफिक डायवर्जन प्लान, अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और सख्त निगरानी अब समय की मांग है। शहर की सड़कों पर जश्न और जनजीवन के बीच संतुलन बनाना ही प्रशासन की असली परीक्षा है।

# गांव-गांव में नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत से सरकारी योजनाओं का किया प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

ग्रामीण अंचलों में वित्तीय साक्षरता और बैंकिंग योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से जतन उजाला सेवा संस्था शिवपुरी द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बैंक के माध्यम से अनुमति प्राप्त इस अभियान के तहत भैरूंदा ब्लॉक की लाड़कुई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि शाखा सहकारी समिति में शनिवार को नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत के जरिए योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने मनोरंजक शैली में प्रस्तुत नाटक के माध्यम से आमजन को साइबर ठगी से सावधान रहने का संदेश दिया। गीतों के जरिए बताया गया कि अंजान कॉल, लिंक और ओटीपी साझा करने से कैसे धोखाधड़ी हो सकती है और इससे बचाव के क्या उपाय हैं। इसके साथ ही बैंक की जनकल्याणकारी योजनाओं—प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना—की विस्तृत जानकारी दी गई। नाटक के माध्यम से योजनाओं के लाभ, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया गया, जिससे किसानों और ग्राहकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।संस्था की टीम 28 जनवरी से लगातार विभिन्न संस्थानों में पहुंचकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ऋण, जमा और अन्य बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूकता फैला रही है। कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि समिति में खाद वितरण की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। अब किसानों को लंबी कतार में खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी, वे टोकन प्रणाली के माध्यम से खाद की बुकिंग कर सकेंगे।आयोजन में जतन उजाला सेवा संस्था के अधिकारी कर्मचारी सहित जनार्दन शर्मा, समिति प्रबंधक एवं समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार की और से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मेरे पक्षकारगण नें भूमि सर्वे नं. 299/38/2/1 का भाग 1.0271 हैं. पटवारी हल्का नं. 0035 स्थित ग्राम शेरपुर जिला व तहसील सीहोर म.प्र. में सें रकबा 25×50 =1250 स्कायर फीट को खरीदनें का अनुबंध रितेश राठौर आ. श्री स्वराज राठौर आयु वयस्क निवासी सुदामा नगर गंज सीहोर तहसील व जिला सीहोर से किया हैं। जिसकी चतुर्थ सीमाये पूर्व में 20 फीट का रास्ता, पश्चिम विक्रेता की भूमि, उत्तर में भूखड क्रमांक 88, दक्षिण में भूखड क्रमांक.86, स्थित है। उपरोक्त प्लाट मेरे पक्षकार द्वारा क्रय किया जा रहा है यदि उपरोक्त प्लाट से संबधित किसी व्यक्ति, संस्था, सरकारी गेर सरकारी, बैंक, का कोई ऋण भार प्रभार किसी प्रकार का कोई लेन देन का दायित्व हो तो वह 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के सम्पर्क करे। अन्यथा अवधि उपरांत किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। और मेरी पक्षकारा अपने पक्ष में विक्रय पत्र निष्पादित कराने हेतु स्वंतत्र होगी। कृप्या सूचित हो

भवदीय **विजय कुमार सक्सेना** अधिवक्ता
कार्यालय चेम्बर नबंर 06 जिला न्यायालय के सामने सीहोर मो.9752832785

### कूट रचित दस्तावेजों से नौकरी पाने का आरोप


# बीपीएल राशन कार्ड में हेराफेरी का आरोप जांच के घेरे में आंगनबाड़ी सहायिका


## सीएमओ बोले - प्रथम दृष्टया गड़बड़ी, महिला बाल विकास विभाग सख्त, दस्तावेज गलत मिले तो सेवा समाप्ति तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

कथित कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर नगर के वार्ड नंबर 13 (2) की आंगनबाड़ी सहायिका ने नौकरी हासिल करने और बीपीएल राशन कार्ड में नियमों की अनदेखी कर नाम स्वयं व बेटे का नाम जुड़वाने का मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है। शिकायत के बाद शुरू हुई जांच ने पूरे प्रकरण को गंभीर बना दिया है और अब संबंधित आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी पर संकट गहराता नजर आ रहा है।

नगर प्रशासन के सीएमओ इकरार अहमद ने प्रारंभिक जांच के आधार पर मामले को संदिग्ध बताया है। उनका कहना है कि प्रथम दृष्टया दस्तावेजों में गड़बड़ी या गलती दिखाई दे रही है, हालांकि अंतिम स्थिति जांच रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगी। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग ने भी इस मामले में सख्त रुख अपनाया है। विभागीय सीडीपीओ लवकेश अग्रवाल ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि दस्तावेज कूट रचित या नियम विरुद्ध पाए गए तो संबंधित महिला की सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी।





### बिना एसडीएम की अनुशंसा के कैसे जुड़ गया बीपीएल में नाम

आंगनबाड़ी सहायिका रजनी व उनके बेटे का बीपीएल कार्ड में नाम बिना एसडीएम की अनुशंसा के जोड़ दिया गया। वहीं आरटीआई में दिए गए जबाव में नाम जोड़ने का आधार पार्षद की अनुशंसा व दिया गया शपथ बताया गया है जो अपने आप में हैरत करने वाली बात है। जांच के दायरे में आई रजनी लोधी पर आरोप है कि बीपीएल राशन कार्ड में पात्रता नियमों को दरकिनार कर नाम जोड़े गए, जिससे नियुक्ति प्रक्रिया की वैधता पर सवाल खड़े हो गए हैं। मामले ने सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता और पात्रता निर्धारण प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि आरोप सही साबित होते हैं तो यह मामला विभागीय कार्रवाई से आगे बढ़कर कानूनी दायरे में भी जा सकता है। अब पूरे मामले में जांच रिपोर्ट का इंतजार है, जो तय करेगी कि यह लापरवाही थी या सुनियोजित फर्जीवाड़ा।

### बीपीएम कार्डहोल्डर सालों से है शहर से गायब

जिस व्यक्ति के नाम पर बीपीएल जारी किया गया था वह राजाराम लोधी को वार्डवासियों ने सालों ने नहीं देखा है। वह ललितपुर का रहने वाला था। ऐसा बताया जा रहा है कि वह अपने घर ही चला गया हो। ऐसे में जब बीपीएल कार्ड होल्डर ही सालों से यहां नहीं है तब रजनी स्वयं का व अपने बेटे का नाम कैसे जुड़वा सकती है जबकि रजनी के पति लखन का नाम बीपीएम सूची में है ही नहीं।

### क्या है पूरा मामला

- कूट रचित दस्तावेजों से नौकरी पाने का आरोप
- बीपीएल राशन कार्ड में नियम विरुद्ध नाम जोड़ने की शिकायत
- सीएमओ ने माना मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध
- महिला बाल विकास विभाग ने दी सख्त चेतावनी
- दस्तावेज गलत पाए गए तो सेवा समाप्ति तय
- विभागीय जांच जारी, रिपोर्ट के बाद कार्रवाई

### क्यों महत्वपूर्ण है मामला

- सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता पर सवाल
- पात्रता सत्यापन प्रणाली की विश्वसनीयता पर असर
- विभागीय निगरानी तंत्र पर उठे प्रश्न
- दोष सिद्ध होने पर कानूनी कार्रवाई संभव

### इनका कहना है...


प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। अंतिम निर्णय जांच रिपोर्ट के बाद होगा।

**इकरार अहमद, सीमएओ**
**नगरीय प्रशासन ब्यावरा**

यदि दस्तावेज गलत पाए गए तो संबंधित कर्मचारी की नौकरी समाप्त कर दी जाएगी।

**लवकेश अग्रवाल, सीडीपीओ**
**महिला बाल विकास ब्यावरा**

## कांग्रेस पार्षदों के साथ भेदभाव पूर्ण रवैए को लेकर 16 को धरना




**कुरावर।** ब्लॉक कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस के नेतृत्व में 16 फरवरी को नगर पंचायत कुरावर के कांग्रेस के पार्षदों के साथ मिलकर धरना दिया जाएगा। नगर परिषद कुरावर द्वारा कांग्रेस के पांचो पार्षदों के साथ पिछले 2 वर्ष से भेदभाव पूर्ण तरीके से काम किया जा रहा है। जिन कार्यों की स्वीकृति एक से दो वर्ष पहले हो चुकी है लेकिन आज दिनांक तक उन कार्यों को चालू नहीं किया गया न कोई संतुष्टि पूर्वक जवाब दिया जा रहा है। इसके विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कुरावर एवं शहर कांग्रेस के नेतृत्व में सभी पार्षद नेतागण कार्यकर्ता सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कुरावर शहर के वार्ड वासी एवं आम नागरिक उपस्थित रहेंगे। सभी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से अपील है की सभी कार्यकर्ता नगर पंचायत के सामने धरना आंदोलन में पधारने का कष्ट करें।

# नगर की जीवनदायनीय कालीसिंध किनारे पड़ा कचरा




हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सारंगपुर नगर का निकलने वाला कचरा वैसे तो टेंचिग ग्राउंड पर डालने की अधिकृत जानकारी नगर पालिका स्वच्छता विभाग को है किंतु नगर के जागरूक नागरिकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पाडल्या रोड पुराने शमशान परिसर के आसपास बड़ी मात्रा में शहर से निकला कचरा बदबू मार रहा है। इसी मार्ग पर खेड़ापति हनुमान मंदिर पीर मिट्ठे दरगाह एवं प्रसिद्ध कपिलेश्वर तीर्थ धाम सहित नरसिंह मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं का मार्ग है ऐसे में गर्मी के मौसम में उक्त कचर हवा से उड़कर नगर की जीवन दायनीय कालीसिंध नदी में मिलने के साथ ही शेष जमा कचरा बदबू मार रहा है।

### ट्रेंचिंग ग्राउंड पर अव्यवस्था

नगर से निकलने वाला कचरा वैसे तो टेंचिग ग्राउंड पर डालने का क्रम जारी है किंतु उक्त कचरा अब टेंचिंग ग्राउंड से मुख्य मार्ग पर जोड़ने वाली सड़क पर आ गया लेकिन इस और अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाएं गए।

### इनका कहना

सुरक्षा के अभाव में अभी प्राप्त मशीन चालू नहीं की गई है। ट्रेचिंग ग्राउंड के लिए टेंडर जारी हुआ है जल्द ही मशीनें लगाई जाएगी।

**ज्योति सुनहरे सीएमओ, नगर पालिका सारंगपुर**

# फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

जिले में महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी द्वारा थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे मामलों में फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की जाए। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ केएल बंजारे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार दबिश एवं तलाश अभियान चलाया गया। 10 जनवरी को पीड़िता द्वारा थाना नरसिंहगढ़ में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि आरोपी लखपत गुर्जर निवासी ग्राम सराना, थाना नरसिंहगढ़ द्वारा उसे डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। रिपोर्ट पर थाना नरसिंहगढ़ में अपराध क्रमांक 22/26 धारा 64(1), 64(2)(ड), 87, 351(3) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी की संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी गई व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तलाश की गई। सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप 11 फरवरी को आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जहां से अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## शिवमहापुराण कथा का आयोजन

**जीरापुर।** शिवरात्रि के अवसर पर नगर में शिव महापुराण कथा का आयोजन 13 फरवरी से शुरु हो गया। कथा का नौ दिवसीय आयोजन का समापन पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण से होगा। शिव महापुराण कथा का श्रवण पं. अनुराग कृष्ण महाराज के मुखारविंद से प्रथम दिवस हुआ जिसमें शिव महिमा एवं भगवान शिव के प्रसंग का मार्मिक ढंग से चित्रण करते हुए बताया कि शिव जगत के पालनहार हैं जो बहुत जल्दी प्रसन्न होकर भक्तों पर कृपा करते हैं। महाशिवरात्रि पर्व एवं शिवमहापुराण कथा को लेकर 9 फरवरी से विभिन्न धार्मिक आयोजन का क्रम जारी हुआ जहां पर शिव विवाह समारोह के आयोजन का श्री गणेश किया गया जिसमें लग्न लिखना एवं भेजना एवं बारात का बाना करना तथा अन्य आयोजन रखे गए।

# छेड़छाड़ के मामले में दो आरोपियों को कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सारंगपुर न्यायालय के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश चितेंद्र सिंह सोलंकी ने छेड़छाड़ एवं लैंगिक उत्पीड़न के मामले में दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है।

न्यायालय में प्रचलित प्रकरण क्रमांक 750/2025 में बद्रीलाल पिता कन्हैयालाल नागर एवं अजय पिता सियाराम सेन निवासी दराना, जिला राजगढ़ को दोषसिद्ध पाया गया। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को एक-एक वर्ष का कठोर कारावास एवं 1000-1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। साथ ही धारा 75(1)(पअ)(3) के अंतर्गत छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास एवं 1000-1000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त लोक अभियोजक शिव प्रसाद शर्मा ने बताया कि पीड़िता ने 24 अगस्त 2025 को थाना लीमा चौहान में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 21 अगस्त 2025 को लोन संबंधी कार्य से एक व्यक्ति के घर आने के बाद पीड़िता घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान दोनों आरोपियों ने उसे धमकाते हुए हाथ पकड़ लिया और अशोभनीय टिप्पणियां करते हुए धमकी दी। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी फरार हो गए तथा गांव में उसके बारे में अफवाह फैलाने लगे। पुलिस ने त्वरित विवेचना कर साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिसके आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया। साथ ही पीड़िता को मध्यप्रदेश पीड़ति प्रतिकर योजना 2015 के तहत सहायता देने की अनुशंसा की गई।

### जल अर्पण दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित

# जल संरक्षण संबंधी नारों की तख्तियां लेकर किया प्रचार-प्रसार



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा-राजगढ़

जिले की गोरखपुरा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत रोज्या में जल अर्पण दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रामीणों ने सतत एवं शुद्ध जल आपूर्ति की खुशी में अपने घरों के बाहर रंगोलियां सजाईं तथा नल कनेक्शन के समीप दीप प्रज्वलित कर जल दिवाली मनाई। शुक्रवार को जल अर्पण दिवस के उपलक्ष्य में रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ मिडिल स्कूल परिसर से ढोल-नगाड़ों के साथ हुआ। साथ ही इसमें बच्चे जल संरक्षण संबंधी नारों की तख्तियां लिए अग्रिम पंक्ति में चल रहे थे, उनके पीछे कन्याएं मंगल कलश लेकर शामिल हुईं। ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं जल निगम के अधिकारी- कर्मचारी जल संरक्षण, जल बचाव और जल कर भुगतान के प्रति जागरूकता के नारे लगाते हुए सम्मिलित हुए। रैली पूरे ग्राम का भ्रमण कर ग्राम पंचायत परिसर में संपन्न हुई।

इसके बाद मुख्य समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य श्यामसिंह दांगी, विशिष्ट अतिथि के रूप में जल निगम महाप्रबंधक उमाकांत चैधरी एवं पूर्व सरपंच भारत सिंह वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच जगदीश दांगी ने की।

### जल की बर्बादी रोकने का किया आह्वान

अतिथियों ने अपने संबोधन में योजना के सफल संचालन हेतु नलों में टोंटियां लगाए रखने, जल की बर्बादी रोकने तथा समय पर जल प्रभार राशि जमा करने का आह्वान किया। इस अवसर पर बालिकाओं द्वारा विभिन्न स्त्रोतों से लाया गया जल ग्राम की नल-जल योजना के लोक समर्पण के प्रतीक स्वरूप अतिथियों द्वारा एक विशाल कलश में अर्पित किया गया।जल निगम महाप्रबंधक ने नल-जल योजना से संबंधित संपूर्ण दस्तावेज पंचायत सरपंच एवं सचिव को सौंपे। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर ही पंचायत द्वारा ऑनलाइन माध्यम से जल कर के बल्क बिल की राशि जल निगम खाते में हस्तांतरित की गई। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा वर्कर को पानी की गुणवत्ता जांच के लिए फील्ड टेस्टिंग किट भी वितरित की गई।

## नरसिंहगढ़ सिविल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर में 19 यूनिट रक्त संग्रह किया



**नरसिंहगढ़।** स्व. नारायण प्रसाद गुप्ता (नानाजी) की पुण्यतिथि के अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के युवा प्रकोष्ठ, तहसील नरसिंहगढ़ के तत्वावधान में 13 फरवरी को सिविल हॉस्पिटल नरसिंहगढ़ में दोपहर 12 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगर के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 19 यूनिट रक्त दान कर कार्यक्रम को सफल बनाया। रक्तदान शिविर के सफल संचालन में बीएमओ डॉ. गौरव त्रिपाठी तथा अस्पताल स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश विजय वर्गी ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों और चिकित्सकीय टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुकेश गुप्ता, जया भंडारी, साधना अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

# भागवत कथा में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

भोलेनाथ स्थान ब्लडी हासरोद में समस्त ग्राम वासियो के द्वारा आयोजित भागवत कथा एवं रुद्रयज्ञ के चौथे दिवस कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नन्द घर आनन्द भयो के साथ पूरा पांडाल झूम उठा,, कथा प्रवक्ता पंडित सतीश नागर ने कथा प्रसंग में कहा, सच्चे प्रेम और भक्ति से भगवान की प्राप्ति हो जाती है ओर कहा कि अपने घर मे अपने माता पिता ओर बड़ो बूड़ो की सेवा सम्मान हमेसा करना चाइये एवम उनके साथ बैठने का समय निकालो जिससे हमें उनके अनुभव और अच्छी सीख मिल सके। ये कथा 15 फरवरी शिवरात्रि तक चलेगी। ग्रामवासियों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में भक्तों को आने की अपील की हैं।

### शहर के आसपास कचरे का लगा ढेर, नदी हो रही प्रदूषित

# सुरक्षा के अभाव में कचरा मशीन बनी शो पीस




हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महात्मा गांधी के सपने को साकार करते हुए पूरे भारत वर्ष में स्वच्छ भारत मिशन योजना लागू की गई। इसके तहर गांव एवं नगरों में घरों से मिलने वाला कचरा उठाने तथा नियत स्थान पर डालने के लिए वाहन उपलब्ध कराए गए तथा टेंचिंग ग्राउंड पर एकत्रित कचरे का निष्पादन करने एवं कचरे से जैविक खाद बायो डीजल आदि बनाने के लिए लाखों रुपए स्वीकृत किए। इतना ही नहीं टेंचिग ग्राउंड पर गीला कचरा सूखा कचरा सहित प्लास्टिक पॉलीथिन आदि का अलग अलग भंडारण कर निष्पादन हेतु लाखों की मशीनें उपलब्ध कराई गई ताकि गांव एवं शहर कचरा एवं प्रदूषण मुक्त हो। लेकिन प्रधानमंत्री के सपनों में सारंगपुर में कचरा वाहनों पर स्वच्छता गीत के अलावा कुछ सुनाई नहीं देता है। कचरा वाहन गलियों में पहुंचते है और स्वच्छता के गाने गुनगुनाते सुनते ही घर एवं दुकान वाले अपना कचरा गाड़ियों में डालते हैं। वही कचरा गाड़ी उस कचरे को ले जाकर शहर के उत्तर एवं दक्षिण भाग में खाली कर आ जाते हैं लेकिन उस कचरे के निष्पादन की कोई प्रक्रिया समाचार लिखे जाने तक शुरू नहीं की गई।

सारंगपुर नगर पालिका को कचरा निष्पादन के लिए स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत विभिन्न प्रकार की मशीनें राज्य शासन की और से उपलब्ध कराई गई थी ताकि शहर कचरा मुक्त दिखे लेकिन जो मशीनें उपलब्ध ही थी उन मशीनों को नगर के पुराने फिल्टर प्लांट प्रांगण में शो पीस के रूप में रखवाई गई है उन पर वर्षों से धूल जम रही हैं लेकिन नगर पालिका प्रशासन का इस और कोई ध्यान नहीं है। इस संबंध में सारंगपुर नपा सीएमओ ज्योति सुनहरे का कहना है कि सुरक्षा के अभाव में अभी प्राप्त मशीन चालू नहीं की गई है, जल्दी ही शुरू होगी।

### विजया एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया

# खाटू श्याम मंदिर पर उमड़े श्रद्धालु , नगर से निकली झंडा यात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

नगर के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर में शुक्रवार को विजया एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं और पूरा वातावरण 'जय श्री श्याम' के जयकारों से गूंज उठा। पर्व के लिए मंदिर प्रबंधन समिति ने विशेष तैयारियां की थीं। बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे फूलों से किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्पमालाओं और आकर्षक सजावट से मंदिर परिसर को भव्य रूप दिया गया था। श्रद्धालु श्रृंगार और सुसज्जित दरबार की एक झलक पाने के लिए उत्सुक दिखे।

कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः मंगला आरती से हुई। इसके बाद दिनभर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और विशेष आरतियों का क्रम जारी रहा। दोपहर और शाम की आरती के समय मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। नगर के साथ-साथ आसपास के गांवों और दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित दर्शन के लिए पहुंचे। इस अवसर पर कई गांवों और मोहल्लों से निशान यात्राएं भी निकाली गईं। ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते बाबा के दरबार पहुंचे और निशान अर्पित किए। पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से निकली निशान यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहे। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था और यातायात का डायवर्जन कर व्यवस्था बनाए रखी गई। नगर सुरक्षा समिति और स्वयंसेवकों ने दर्शन व्यवस्था में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और प्रसाद वितरण की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। यह आयोजन भक्ति और उत्साह से भरा रहा तथा नगर के लिए यादगार बन गया। विजया एकादशी पर बाबा श्याम के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक था।





**खबर संक्षेप**

### समस्याओं के निराकरण के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार गेंहू उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 07 फरवरी से दिनांक 07 मार्च तक किया जा रहा है। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार प्रतिदिन जिले से किसानों के पंजीयन, खरीदी एवं भुगतान संबंधी समस्याओं का निराकरण के लिए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 114 में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का नंबर 9425665036 एवं 9753393992 है। कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह कर्मचारी किसान पंजीयन, उपार्जन, भुगतान एवं सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त होने वाली शिकायतों और आवेदनों का विधिवत रिकार्ड संधारण करेंगे एवं तत्काल निराकृत की जाने वाली समस्याओं को दूरभाष पर ही संबंधित अधिकारियों की जानकारी में लायेंगे और निराकरण कराएंगे।

### बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर होगी कार्यवाही

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि यदि बिजली के मीटर में अनावश्यक छेड़छाड़ पाई जाती है तो ऐसा करने वालों के विरूद्ध धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉल सेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑनलाइन वेबसाइट अथवा उपाय एप में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## टोल मेनेजमेंट और नगर परिसद के बीच उलझा साफ-सफाई का मामला

# टोल इंचार्ज बोले - सफाई सभी की जिम्मेदारी पंचायत ने कहा हमने लिखे मेनेजमेंट को पत्र

जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण अमलाहा और कोठरी में बनी दोनों तरफ की नालियों में फैली गंदगी नहीं हो रही सफाई, आमजन हा रहे परेशान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी





मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा टोल वसूली वाली सड़कों की हालत तो खस्ता है, जिस कारण कारण बहुत से लोगों की जान चली गई। वहीं कोठरी और अमलाह में बनी दोनों तरफ नालियों में भी में भी कचरे एवं गंदगी से फूल भरी एवं खुली हुई नालिया हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं। जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण हादसे का अंदेशा बना रहता है।

### लोग बोले, हमारी जान की कोई कीमत नहीं

कोठरी में पठार से लेकर बड़े पुल तक और अमलाहा ठेका चौराहा से लेकर मंडी गेट तक रोड किनारे बनाई गई पानी निकासी की नालियां आज खुद "खतरे की नाली" बन चुकी हैं। निर्माण के समय जिनका उद्देश्य बारिश का पानी निकालना था, आज वही नालियां कचरे से अटी पड़ी हैं। हालत इतनी बदतर कि कई जगहों पर चैंबर ढक्कन तक नहीं हैं। रात के अंधेरे में बाइक सवार और राहगीर इन खुली नालियों का शिकार हो चुके हैं। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी?

### कागज़ों में सफाई पूरी, गंदगी का अंबार

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब (एमपीआरडीसी) द्वारा लाखों रुपये साफ-सफाई और रखरखाव के नाम पर खर्च किए जा रहे हैं, तो फिर जमीनी हकीकत इतनी भयावह क्यों है? क्या निरीक्षण सिर्फ फाइलों में हो रहा है?क्या टोल कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ वसूली तक ही सीमित हैं? क्या जनता की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता नहीं है? स्थानीय लोग बदबू, गंदगी और दुर्घटना के खतरे से परेशान हैं। बरसात में यही नालियां ओवरफ्लो होकर सड़क पर पानी भर देती हैं, जिससे हादसों की आशंका और बढ़ जाती है।

### सफाई हम सब की जिम्मेदारी: टोल इंचार्ज

जब इस संबंध में अमलाह टोल इनचार्ज राजीव मिश्रा से बात की गई तो उनका कहना है कि ग्राम पंचायत, नगर पंचायत एवं रोड विभाग सभी की जिम्मेदारी है की सफाई रखें। समय-समय पर हम सफाई करवाते हैं। कोठरी में भी जल्द करवाएंगे। नालियों को ढकने के लिए फैलेब बनवा रहे है। बनने के बाद सफाई कर उन्हें ढक दिया जायेंगे।

### सीएमओ बोले, जिम्मेदारी एमपी आरडीसी की, हमने पत्र भी लिखे हैं

रोड विभाग की जिम्मेदारी है क्योंकि निर्माण कार्य उन्हीं के द्वारा किया गया है हमारे द्वारा पत्र एमपीआरडीसी को लिख चुके हैं गवाखेड़ा रोड पठार से लेकर जहां तक नाली नहीं बनी है वहां तक बनवाए और खुली हुई नालिया का भी लिखा है जिस से हादसे होते है एवं नालियों की नियमित सफाई भी करवाने । हमारे नगर वासियों को परेशानी ना हो इसलिए समय-समय पर नगर पालिका द्वारा भी सफाई करवा द्वारा भी सफाई करवा लेते हैं यह जिम्मेदारी रोड विभाग की है उन्हें करनी चाहिए।

# जल ही जीवन है और नदियां हमारी संस्कृतिः मेवाड़ा

**पार्वती नदी तट पर किया श्रमदान**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जल ही जीवन है और नदियां हमारी संस्कृति एवं जीवन का आधार रही हैं। यदि समय रहते हम नहीं जागे, तो आने वाली पीढ़ियों को पीने के लिए साफ़ पानी भी नहीं मिलेगा। इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह ने नगर की जीवन दायिनी मां पार्वती नदी के तट पर श्रमदान कार्यक्रम के अवसर पर व्यक्त किए।

श्रमदान के तहत नगर के जागरूक नागरिकों, युवाओं एवं सामाजिक साथियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता कर नदी के तटो को कचरा मुक्त किया. श्री मेवाड़ा ने कहा कि श्रमदान केवल सफाई नहीं है, यह नदियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी और प्रेम को दर्शाता है। आज हमारा यह छोटा सा प्रयास - जैसे नदी से प्लास्टिक हटाना, उसकी गाद निकालना, या किनारों को साफ करना - नदी को नया जीवन दे सकता है। आज हमें मिलकर शपथ लेनी होगी कि हम न तो नदी में कचरा डालेंगे और न ही दूसरों को ऐसा करने देंगे। हम सब मिलकर, चाहे वह बच्चा हो, युवा हो या वृद्ध, इस श्रमदान आंदोलन को एक जन-आंदोलन बनाएं।

जब समाज साथ खड़ा होता है, तो नदियां फिर से निर्मल और अविरल हो सकती हैं।कृपया नदी एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएं, प्लास्टिक का उपयोग कम करें, और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें। स्वच्छ नगर स्वस्थ नगर ही हमारी पहचान बने इस तरह से अपनी दिनचर्या में सफाई कार्य को लेकर ही साफ सही कार्य करें. इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खा, पार्षद मेहमूद अंसारी, कुशलपाल लाला, मनीष श्रीवास्तव, मोहम्मद इसरार, गबू सोनी, रमेश यादव, प्रह्लाद वर्मा सहित नपा के स्वच्छता एवं जल शाखा के कर्मचारीगण मौजूद थे।

# शिवशक्ति महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुए विधायक, कथा का श्रवण कर की यज्ञशाला की परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर आज विधानसभा क्षेत्र के खुटालिया बैकुंड धाम बापचा में चल रहे शिव शक्ति महायज्ञ एवं मालव माटी के लोकप्रिय संत श्री गोविंदजाने के श्रीमुख से 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए एवं कथा में आज श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में शामिल हो कर कथा श्रवण की ।

यज्ञ एवं कथा में पहुचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने संतश्री गोविंदजाने एवं धाम सरकार का स्वागत सम्मान किया । श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा में भगवान श्रीकृष्ण जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया एवं फूलों की होली खेली गई । कथा श्रवण करने बापचा धाम पहुचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की युवा मोर्चे के जिला महामंत्री महेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में भव्य अगवानी कर स्वागत सम्मान किया। श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन व्यास गादी पर बिराजे संतश्री गोविंदजाने ने कहा की भगवान श्रीराम की नजर से कोई नही बच सकता है। जिनके मात्र नाम लिखने से समुद्र में पत्थर तीर गये । संतश्री ने कहा में उन माता पिता को नमन करता हु जिन्होंने अपनी बेटियों का नाम कौशल्या, उर्मिला, राधा, सीता रखा है । उनके घर मे टीवी और फिल्मी दुनिया के नाम नही पहुचे ये सराहनीय बात है।

कथा में भगवान श्रीकृष्ण जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया कथा में शामिल विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, धाम सरकार सहित पूरा खचाखच भरा कथा का पांडाल ९हाथी घोड़ा पालकी जय हो कन्हैयालाल की९ के जयकारों से गुंजयमान हो गया। कथा के पश्चात विधायक , जनपद उपाध्यक्ष गजराजसिंह मेवाडा, महेंद्रसिंह ठाकुर गऊखेड़ी, सुशील संचेती, महेन्द्र ठाकुर, अशोक राठौर, सहित सभी ने शिव शक्ति महायज्ञ स्थल पर पहुच कर यज्ञ शाला की परिक्रमा की।

# शंकर मंदिर मार्ग पर डामरीकारण कार्य हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्राचीन शंकर मंदिर मार्ग पर डामरीकारण कार्य प्रारम्भआष्टा - महाशिवरात्रि के अवसर पर प्राचीन शंकर मंदिर में नगर के श्रद्धालुओं को दर्शनार्थ आवागमन में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े इसी को दृष्टिगत रखते हुए महाशिवरात्रि पर्व के 1 दिन पूर्व शंकर मंदिर जाने वाले क्षतिग्रस्त मार्ग पर नगर पालिका द्वारा डामरीकरण कार्य प्रारंभ कराया गया।

उक्त कार्य का शुभारंभ उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपाल बपटाड़ा, सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति, पार्षद डॉ सलीम खान, कमलेश जैन, रवि शर्मा, अरशद अली, महेन्द्र सिंह गुणवान, उपयंत्री अनिल धुर्वे, सतीश मेवाड़ा की उपस्थिति में किया गया. उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाडा ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्राचीन शंकर मंदिर में बड़ी संख्या में नगर के श्रद्धालु जन पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचेंगे, नागरिकों को आवागमन में सुविधा न हो इसके चलते परिषद में उक्त क्षतिग्रस्त मार्ग पर डामरीकरण कार्य करने का निर्णय लिया जो महाशिवरात्रि पर्व के पूर्व ही पूर्ण होकर नागरिकों को यह मार्ग आवागमन में सुगमता प्रदान करेगा। लगभग 4 लाख की लागत से मार्ग पर डामरीकरण का कार्य पूर्ण होगा।

# गुरु समागम पुण्य से मिलता है, मंदिर जाएं तो स्व-कल्याण का भाव रखें: संस्कार सागर



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर अरिहंतपुरम में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री संस्कार सागर मुनिराज ने कहा कि गुरुओं का समागम प्रतिदिन नहीं होता, यह पुण्य के उदय से ही प्राप्त होता है। जब सानिध्य मिले तो उसका पूरा लाभ लेना चाहिए।

मुनिश्री ने कहा कि जिस कार्य में व्यक्ति की श्रद्धा और रुचि होती है, वह उसे पूर्ण भक्ति भाव से करता है। सम्यकदृष्टि जीव यदि अपने नित्य धर्मकार्य नहीं कर पाता तो उसके मन में कमी का भाव आता है कि आज मेरा आवश्यक कार्य रह गया। जैन दर्शन भावप्रधान है।

मुनिश्री ने कहा कि आज व्यक्ति दूसरों की चिंता में अधिक रहता है, स्वयं के कल्याण पर ध्यान नहीं देता। संतों का धर्मोपदेश भी अपने आत्मकल्याण के लिए होता है। मंदिर जाएं तो 'स्व' का प्रयोजन रखें, पर का नहीं। घर से निकलते ही भगवान के दर्शन, पूजा और अभिषेक का स्पष्ट भाव बना लें। मात्र मंदिर जाने का भाव बनाने से ही लाख गुना पुण्य का बंध होता है।

धर्मसभा में आर्यिकारत्न सुदृष्टि माता ने श्रद्धालुओं को संबोधित कर धर्माराधना के महत्व पर प्रकाश डाला। नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर, श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर अरिहंतपुरम, गंज, श्री नेमिनाथ मंदिर नेमि नगर तथा शान्तिनगर स्थित चैत्यालय में बीसवें तीर्थंकर श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं निर्वाण लाडू चढ़ाकर,आरती कर भक्तों ने मोक्ष कल्याणक की वंदना की।

### पुलवामा के शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**सीहोर।** शनिवार को शहीद स्मारक पर भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2019 में 14 फरवरी को हुए आतंकी हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के 40 वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. गगन नामदेव ने अपने संबोधन में बताया कि 14 फरवरी, 2019 को आतंकवादियों द्वारा आरडीएक्स से भरे वाहन के माध्यम से आत्मघाती हमला कर सीआरपीएफ के काफिले की बस को निशाना बनाया गया था, जिसमें हमारे वीर जवान शहीद हो गए थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सदैव उनके बलिदान का ऋणी रहेगा। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सीताराम यादव, राजकुमार गुप्ता, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, गोपाल सोनी, प्रदीप बिजोलिया, मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति तथा सुरेश गुप्ता ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में समस्त भाजपा पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित पूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया गया। जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सैनिक न केवल सीमाओं पर देश की रक्षा करते हैं, बल्कि सेवानिवृत्ति के पश्चात भी राष्ट्रसेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने वीर सैनिकों के अद्वितीय त्याग और समर्पण को नमन करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक वर्ष पुलवामा शहीद दिवस पर इसी प्रकार भव्य आयोजन कर पूर्व सैनिकों का सम्मान करती रहेगी।

# तहसीलदार ने देवांचल धाम देवबड़ला की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



तहसीलदार जावर ओमप्रकाश चोरमा द्वारा तहसील जावर के देवबडला बिलपान में महाशिवरात्रि पर लगने वाले तीन दिवसीय मेले की व्यस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने मंदिर में दर्शन व्यवस्था, कथा स्थल, मेले में लगने वाली दुकानों, पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर मेला समिति को आवश्यक निर्देश दिए।

तहसीलदार द्वारा बताया गया कि देवबडला स्थित बिलकेश्वर महादेव के सुचारू एवं सहज दर्शन हेतु आने एवं दर्शन कर निकलने के लिए अलग अलग कतार लगाई जाएगी। सभी चार पहिया एवं दो पहिया वाहन बिलपान से आने वाले मार्ग पर पहाड़ी के नीचे ही बनाए गए अस्थाई पार्किंग स्थलों पर ही वाहन पार्क करवाए जाएंगे। महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की अलग अलग व्यवस्था की गई है।

चिकित्सा व्यवस्था के लिए डॉक्टर और चिकित्साकर्मियों के साथ साथ एंबुलेंस की व्यवस्था भी रहेगी। मेला परिसर में पुलिस की व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी द्वारा आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। सम्पूर्ण मेले में व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कोटवारों की ड्यूटी लगाई गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा पंचायत के अमले की भी ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि मेले में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इस हेतु सभी आवश्यक प्रबंध किए गए है।

## अक्षर साथियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण जन शिक्षा केंद्र में संपन्न

# प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में शामिल हुए अक्षर साथी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान कार्यक्रम के तहत संचालित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला दोराहा अंतर्गत जन शिक्षा केंद्र दोराहा पर अक्षर साथियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण जिला कलेक्टर बालागुरु के जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सर्जना यादव के निर्देशन मे जिला परियोजना समन्वयक श्री आर.आर. ऊइके के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में अक्षर साथियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। संकुल प्रभारी नीता झनगानिया मेडम, संकुल सह समन्वयक नितेश जायसवाल, जनशिक्षक चेतन शर्मा, मास्टर ट्रेनर दीनदयाल सिसोदिया के द्वारा अक्षर साथियों को प्रशिक्षण दिया गया।उपस्थित सभी के द्वारा इस प्रशिक्षण की सराहना की।

संकुल समन्वयक नितेश जायसवाल ने कहा कि किसी भी प्रकार के अभ्यास ओर प्रशिक्षण से व्यक्ति में दक्षता का विकास होता है।ओर आत्मविश्वास में वृद्धि होती ही। जनशिक्षक चेतन शर्मा ने कहा कि अक्षर साथियों के प्रशिक्षण से उनमें आगे बढ़ने ओर बेहतर कार्य करने की क्षमता विकसित होगी।सभी अक्षर साथियों ने विश्वास दिलाया कि इस कार्य को सभी बेहतर करेंगे। सभी को साक्षर करेंगे। अंत में संकूल समन्वयक नितेश जायसवाल ने उपस्थित सभी अतिथि, शिक्षक साथी, अक्षर साथियों का आभार व्यक्त किया।

# तपोभूमि देवबड़ला भजन कर भगत मस्त जवानी में बुढ़ापा किसने देखाः राजेश गुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातत्व धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बीलपान में महाशिवरात्रि पर्व त्रदीवसीय मेले का आयोजन चल रहा है मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगतजी ने बताया दूतीय दिवस की कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिव कथा का आनंद लिया आज कथा में पंडित राजेश गुरु द्वारा कहा गया भजन कर मस्त जवानी में बुढ़ापा किसने देखा कलयुग चल रहा है और कलयुग में व्यक्ति विशेष की आयु बहुत छोटी हो गई है कह नहीं सकते कब राम का बुलावा आजाए और कब किसको ले जाए इसीलिए हम सबको बुढ़ापे का इंतजार नहीं करना चाहिए जब जैसे समय मिले हमको भगवान का भजन करना चाहिए क्योंकी भगवान का भजन करने से मन शुद्ध रहता है हम सबको महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा भोलेनाथ के दरबार तापोभूमि देवबड़ला में भजन करने का अवसर मिला है सभी को यहां पर भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर कथा पंडल में बैठकर भगवान का भजन सुननें और भजन करने का अवसर मिल रहा हैं तो हमको इस अवसर का लाभ लेना चाहीए भगवान का भजन करना चाहीए।

देवबड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया रविवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर बाबा विलवैश्वर महादेव का रूद्राभिषेक महाआरती माहाप्रसादही का आयोजन रहेगा। सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से निवेदन है देवबड़ला पहुंच कर धर्मिक आयोजन का लाभ ले और अपने जीवन को धन्य करें सभी से निवेदन है की सेवा में सहयोग करें ये आयोजन हम साबका है हम सभी को मिलजुलकर इसे सफल बनाना है।